संक्षेप

## मकर संक्रांति पर तेन्दुआई में 950 कंबलों का वितरण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मकर संक्रांति पर्व पर ग्राम पंचायत हेन्दुआई के बेलाबोझी गांव में सामाजिक सेवा के तहत जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिकन्द्राबाद और न्याय पंचायत जड़ौरा क्षेत्र के ग्रामीणों को करीब 950 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि और ब्लॉक प्रमुख कुम्भी विमल वर्मा रहे। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम समाज सेवा का प्रभावी माध्यम हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनोज कुमार (तेन्दुआई), प्रधान प्रतिनिधि जड़ौरा आशीष मित्र, प्रधान अजमुदीन (बेलहरी), प्रधान सलीम (रागपुर), प्रधान राजेंद्र त्रिवेदी (सिकापुर), प्रधान नीरज (पिपरा), प्रधान हैलबिहारी रोशन (घुसली), जिला पंचायत सदस्य कौशर आलमी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## मकर संक्रांति पर रोटरी क्लब ने कराया तहरी भोज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मकर संक्रांति के अवसर पर रोटरी क्लब गोला मुस्कान के तत्वावधान में लखीमपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट परिसर में सार्वजनिक तहरी भोज का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने तहरी का स्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों और नगरवासियों की लगातार आमद रही। क्लब की महिला सदस्यों ने तहरी परोसने में सक्रिय भूमिका निभाई, जबकि अन्य सदस्यों ने वितरण व्यवस्था में सहयोग किया। आयोजन में रोटरी अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मनोज गोयल, योगेश सिंह, मीनाक्षी अग्रवाल, राजीव गुप्ता, राजीव राजपूत, अतुल राजपूत, सचिव अनुराधा पुरवार, विवेक वर्मा, शिवगोपाल गुप्ता, मिली गुप्ता, नीलू भारती, सर्वेंद्र अनुराग, रिशू माहेश्वरी सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

## विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम तय

धौरहरा खीरी। चुनाव आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए गए पत्र के अनुसार विधानसभा क्षेत्रों की विशेष पुनरीक्षण 2026 के तहत नये मतदाताओं के लिए अभियान चलाकर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की तारीखें जारी होने व प्रचार प्रसार के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। प्राप्त विवरण के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा बीते दिनों जारी किए गए पत्र के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए सभी पोलिंग बूथों पर 17 .18 .31 जनवरी व 1 फरवरी को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित होकर बी एल ओ द्वारा 18 वर्ष के नये मतदाताओं को प्रारुप-6 भरना व गड़बड़ी वाले मतदाताओं के लिए प्रारुप-8 भरकर वोट बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू होगी।नये मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लेखपालों, सुपरवाइजर, प्रधान, कोटेदार, सोशल मीडिया व मुनादी आदि कराने के लिए एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने निर्देशित किया।

# सीडीओ का सख्त एक्शन, अतिक्रमण हटाने पर फोकस



जिला संवाददाता(vol)

- बीच सड़क पर खड़े बिजली पोल हटाने के निर्देश, नाली निर्माण में तेजी और गुणवत्ता पर जोर

लखीमपुर खीरी। घोसियाना रोड पर चल रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति और अतिक्रमण हटाने की प्रगति जानने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार शुक्रवार को अचानक मौके पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क के बीच खड़े विद्युत पोल और निर्माण में बाधा बने अतिक्रमणों को देखा और तुरंत हटाने के निर्देश दिए। साथ ही नाली निर्माण कार्य पर विशेष फोकस रखने और इसे तेजी के साथ निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश भी जारी किए। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को साफ शब्दों में कहा कि पोल शिफ्टिंग में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को रफ्तार देते हुए तय समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि आमजन को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने सड़क और नाली निर्माण की प्रगति की बारीकी से समीक्षा करते हुए जरूरी सुधार के निर्देश भी दिए। सीडीओ ने मौजूद अधिकारियों से कार्य की स्थिति पूछी और समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया। सीडीओ ने स्थानीय नागरिकों से भी संवाद करते हुए अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग करें। सड़क निर्माण पूरा होते ही क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और लोगों को सुगम, सुरक्षित और बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के समय एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, पीडी (डीआरडीए) सोमनाथ चौरसिया, अधिशासी अभियंता (विद्युत) शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में नाम जांचें, 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज करायें

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची को दुरुस्त और पारदर्शी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण -2026 कार्यक्रम को रफ्तार दे दी है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने करने की अवधि 06 फरवरी 2026 तक है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोग ने चार विशेष अभियान दिवस तय किए हैं। 17 और 18 जनवरी तथा 31 जनवरी और 1 फरवरी को जिले के सभी पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन तिथियों पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती के साथ पदाभिहित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। विशेष अभियान के दौरान हर बूथ पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में मदद दी जाएगी। फार्म-6, 6ए, 7 और 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाएगा, ताकि निरीक्षण के समय तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को भी अभियान की तिथियों से अवगत कराकर सहयोग लिया जाएगा। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं पदाभिहित स्थलों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम इस तरह बनाया जाएगा कि कोई भी बूथ छूटने न पाए। इसके तहत 18 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आलेख्य निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। साथ ही बीएलओ के पास अप्राप्त , अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध रहेगी, जिससे मतदाताओं को सही जानकारी दी जा सके। निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं 5 बूथों और उप जिला निर्वाचन अधिकारी 10 बूथों का निरीक्षण करेंगे। वहीं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रतिशत पोलिंग स्टेशनों का भ्रमण करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मतदाताओं से अपील की है कि वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ५ङ्क्षश्चह्२ह्रॢ.द्बठ्ठ५.ल्ल और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर जाकर अपना या अपने परिवार के सदस्यों का नाम जांचें और जरूरत पड़ने पर निर्धारित फार्मों के माध्यम से आवेदन करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

## गन्ना प्रजातियों की पहचान व सर्वे पर विशेष प्रशिक्षण संपन्न



मैगलगंज खीरी। गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या 947-सी/विकास के अनुपालन में गन्ना विकास परिषद जेबीगंज एवं चीनी मिल अजबापुर के संयुक्त तत्वावधान में गन्ना प्रजाति पहचान एवं रोग प्रबंधन विषय पर वृहद प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जनपद खीरी के परिषद जोन अजबापुर एवं चीनी मिल अजबापुर के विभागीय एवं मिल स्टाफ के लिए आयोजित किया गया। मिल सभाकक्ष हरियाली में आयोजित प्रशिक्षण में फील्ड स्टाफ को गन्ने की पत्तियों, मध्य शिरा (मिडरिब), पोरियों तथा जूस की गुणवत्ता (ब्रिक्स) के आधार पर विभिन्न गन्ना प्रजातियों की पहचान की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा लाइव डेमो के माध्यम से खेत में खड़ी फसल की पहचान का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया। इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जेबीगंज सहित लगभग 130 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत एससीडीआई द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई को दृष्टिगत रखते हुए कड़े निर्देश जारी किए गए। इसके तहत 20 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक खड़े गन्ने, डेमो प्लॉट्स एवं नर्सरी के सत्यापन हेतु विशेष अभियान चलाने तथा चीनी मिल व विभागीय पौधशालाओं का भौतिक सत्यापन कर डाटा सीडी ट्रैकिंग ऐप पर तत्काल फीड कराने के निर्देश दिए गए। कृषकों को रेड रॉट रोगग्रस्त एवं पुरानी प्रजाति 0238 के स्थान पर नई उन्नत प्रजातियों की बुवाई हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया गया। इसके लिए ग्राम स्तरीय बैठकों, पम्पलेट्स, वॉल पेंटिंग एवं बैनर्स के व्यापक प्रयोग के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में एससीडीआई अविनाश तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना रमेश चौधरी, अनिल चौहान, सचिव जेबीगंज गजेंद्र कटियार सहित समस्त राजकीय सीएस, मिल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नरेबाजी कर कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन



जौनपुर । वाराणसी में बीते दिनों कांग्रेस पार्टी छात्र संगठन एनएसयूआइ के कार्यकर्ताओं द्वारा एसआईआर, और मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ किये जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को पुलिस बल द्वारा जबरन लाठीचार्ज और एनएसयूआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के खिलाफ की गयी अमानवीय कार्यवाही के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेसियों ने कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से निरंकुश और तानाशाह हो चुकी है, पुलिस का दुरपयोग शांति पूर्ण धरना-प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं के खिलाफ करके अपनी दमनकारी नीतियों का प्रदर्शन कर रही है, मोदी योगी सरकार की इस फिरंगी मानसिकता के सामने कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता मजबूती के साथ लोकतंत्र, संविधान और जनता के हितों की लड़ाई लडने में जरा सा भी पीछे नहीं होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार अपनी नाकामियों और असफलताओं को छुपाके लिए विपक्षी नेताओं के घर पुलिस भेजकर उन्हें डराने धमकाने का काम कर रही है।

## नपा आपके द्वार अभियान के अंतिम दिन 406 पंजीकरण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में चल रहे नगर पालिका आपके द्वार अभियान के अंतिम दिवस कुल 406 पंजीकरण किए गए। नगर पालिका प्रांगण में विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों ने पंजीकरण कराया।

अभियान के तहत वृद्धावस्था पेंशन के 39 पंजीकरण हुए, जिनमें 31 लाभार्थियों की पेंशन रुकी हुई थी और आठ नए पंजीकरण किए गए। राशन कार्ड से जुड़े 221 पंजीकरण हुए, जिनमें 209 कार्डधारकों ने यूनिट बढ़वाने और 12 लोगों ने नए राशन कार्ड के लिए आवेदन किया। विद्युत विभाग से संबंधित तीन पंजीकरण हुए, जिनमें एक स्मार्ट मीटर रीडिंग और दो बिल वृद्धि से जुड़े थे। इसके अलावा दिव्यांग पेंशन के दो, विधवा पेंशन के सात तथा नगर पालिका से संबंधित जन्म प्रमाण पत्र के 33 पंजीकरण दर्ज किए गए। साथ ही नए मतदाता बनने के लिए 103 फार्म वितरित किए गए। अभियान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्ण ने कहा कि अभियान में पंजीकृत सभी शिकायतों और आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाएगा।

इस अवसर पर सभासद नानक चंद्र वर्मा, इजरान, राजेश पटेल, धर्मेंद्र तिवारी टीटू, हरिओम वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान तेज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। निर्वाचन आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 6 फरवरी निर्धारित की गई है। निर्वाचन विभाग ने नागरिकों से समय रहते मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने या अपात्र नाम हटवाने की अपील की है। मतदाताओं की सुविधा के लिए 17 और 18 जनवरी तथा 31 जनवरी और 1 फरवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। इन तिथियों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ की मौजूदगी में हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां फार्म-6, 7 और 8 भरने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अभियान के तहत 18 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक सभी बूथों पर मतदाता सूची का सार्वजनिक वाचन कराया जाएगा। इस दौरान मतदाता स्वयं अपना नाम जांच सकेंगे और किसी भी त्रुटि की स्थिति में तत्काल सुधार की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग ने बताया कि अभियान की निगरानी के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य अधिकारी बूथों का निरीक्षण करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी चयनित बूथों पर पर्यवेक्षण करेंगे। बीएलओ के पास अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक, डुप्लीकेट और अनपता श्रेणी के मतदाताओं की सूची भी उपलब्ध रहेगी, जिससे मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध किया जा सके। निर्वाचन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और नाम की जांच कर सकते हैं। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान में सहभागिता कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं।

## सरकारी मुलाजिम ही सरकार की करा रहे किरकिरी

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार के मुखिया आम आदमी को सहूलियत पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी नि शुल्क हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए कहा कि आप अपने घर से ही सरकारी सुविधाएं व शिकायतें की जा सके लेकिन सरकार में बैठे जिम्मेदारों को उनके अधीनस्थ/उच्चाधिकारियों से लेकर शासन में बैठे अफसरों को तक फर्जी व झूठी आख्या के सहारे खुद की पीठ थपथपा कर प्रकरण से किनारा करने में पारंगत हासिल किए हैं इसकी बानगी निम्न हैं।




प्राप्त विवरण के अनुसार नगर पंचायत प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उच्च सरकारी तंत्र के साथ साथ/आम जनता को फर्जी व झूठी कहानी से संतुष्ट करने का प्रयास करके फर्जी व झूठी कहानी से संतुष्ट करने का मामला सामने आया है।

### केस नंबर 1----

नगर पंचायत धौरहरा के मोहल्ला इज्जत नगर निवासी पूर्व सभासद शोभित श्रीवास्तव ने बीती 2 जनवरी सन 26 में मोबाइल से 1076 हेल्पलाइन नंबर पर संदर्भ संख्या 40015326000181 में चल रहे निर्माण कार्यों व सर्दी के सीजन में जलाएं जा रहें अलाव से संबंधित जानकारी मांगी थी।

### केस नंबर 2--

इसी तारीख में दूसरी शिकायत संख्या 400153226000190 में कस्बे में लगी स्ट्रीट लाइटें नही जलती व जनरेटर से जलने वाली लाइटें भी नहीं जलती।

### केस नंबर 3---

उपरोक्त वादी द्वारा की गई शिकायत संख्या 92615300000402 में आवेदक द्वारा अलाव जलाने की बात कही गई थी। अब मजे की बात यह है कि उपरोक्त दो शिकायती पत्रो पर दिनांक 13 जनवरी को पंचायत के सफाई हवलदार राजेश अवस्थी व तीसरी शिकायत को दिनांक 14 जनवरी में निस्तारण दिखाकर खुद की पीठ थपथपाने में लगे हैं इस मामले में नगर प्रशासन के जिम्मेदारों ने एक साथ तीनों शिकायती पत्रो में बीरु पुत्र मायाराम व आशुतोष पुत्र राजकुमार निवासी मोहल्ला इज्जत नगर को गवाह के रूप में दशार्या गया। फर्जी व झूठी कहानी पर निस्तारण होने से परेशान दोनों गवाहों द्वारा कहा गया कि हवलदार राजेश अवस्थी ने साफ सफाई कराने की बात कहकर दस्तखत कराया था।

## अवैध टोल वसूली और मारपीट के विरोध में बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने फरधान टोल प्लाजा पर अवैध टोल वसूली और हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि एनएच-730 पर गोला-लखीमपुर मार्ग का निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। कई स्थानों पर ओवरब्रिज और सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्य अपूर्ण हैं, साथ ही मार्ग पर निर्माण सामग्री बिखरी होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद फरधान टोल प्लाजा पर लगातार टोल वसूली की जा रही है, जिसे नियमों के खिलाफ बताया गया है। बार एसोसिएशन ने एनएचएआई फी नियम 2008 का हवाला देते हुए कहा कि सड़क का निर्माण पूर्ण और यातायात के लिए सुरक्षित होने से पहले टोल वसूली नहीं की जा सकती। आरोप है कि इस मुद्दे पर पूर्व में भी शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई न होने से आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में लखनऊ-बाराबंकी मार्ग स्थित हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के साथ हुई मारपीट की घटना का भी जिक्र किया गया है। बार एसोसिएशन ने इसे गंभीर अपराध बताते हुए टोल ठेकेदार का लाइसेंस तत्काल निरस्त करने की मांग की है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भरोसा जताया कि केन्द्रीय मंत्री इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष केके शुक्ला, महामंत्री अनूप वर्मा, उपाध्यक्ष मोहम्मद तारिक इस्लाम, संयुक्त मंत्री सुमित गिरि और कोषाध्यक्ष अमित मिश्रा शामिल रहे।

## खुल गये स्कूल, कम हो गयी पतंगबाजी

जौनपुर। शीतकालीन अवकाश के बाद शुक्रवार को स्कूल गुलजार हो गये। परिषदीय विद्यालय 14 जनवरी तक शीतावकाश के चलते बंद थे 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश होने के बाद शुक्रवार को खुल गये ज्यादातर मान्यता प्राप्त विद्यालय भी शुक्रवार को खुल गये हैं। जिससे घर बैठी बच्चों की फौज स्कूलों को रवाना हो गई। स्कूली बच्चों के स्कूल पहुंचने पर पतंगबाजी के कम होने के आसार हैं। चाइनीज मांझे का प्रयोग स्कूल खुलने से कितना नियंत्रित होगा इसके बारे में कुछ भी कहना कठिन है लेकिन बच्चों के स्कूल चले जाने से निश्चित रूप से पतंगबाजी कम हो जायेगी। सुबह स्कूल जाने की तैयारी फिर स्कूल और स्कूल से वापस लौटने पर होमवर्क में व्यस्तता पतंगबाजी को काफी सीमा तक नियंत्रित कर देगी।इंटर कॉलेजों में भी बोर्ड परीक्षा करीब आ रही है जिसके चलते बड़े बच्चे भी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस करेंगे। चूंकि चाइनीज मांझे का कहर पूरे जनपद में ज्वलंत मुद्दा पिछले कई दिनों से बना हुआ है ऐसे में शुक्रवार को विद्यालय खुलने के पहले दिन ही ज्यादातर स्कूलों में प्रार्थना सभा और कक्षा कक्ष में बच्चों को चाइनीज मांझे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया तथा इसका प्रयोग नहीं करने के लिए बच्चों को नसीहत दी गई।

## दुर्घटना में मृत परिवार को किया आर्थिक मदद

जौनपुर। जलालपुर में बीते दिनों दो महीने के अंतराल में दो बच्चों को सड़क दुर्घटना में खो देने वाले महिमापुर की उपकार स्वयं सहायता समूह की सदस्य सोनी को सहयोग प्रेरणा महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत महिमापुर की अध्यक्ष जफरून एजाज ने 5000 रुपए की आर्थिक मदद की और कहा कि इस दुख के घड़ी में में हमारा पूरा महिला ग्राम संगठन इस दुखी परिवार के साथ है रोते हुए मां को ढाढस बढ़ाते हुए कहा कि इस घड़ी में आप सिर्फ मंत्रों का उच्चारण करिए जो आपको मजबूत करेगा और मृत भाई के बहन से कहा कि तुम मन लगाकर पढ़ाई करो आज से आपकी शिक्षा दीक्षा हमारी भी जिम्मेदारी होगी उक्त अवसर पर द मर्सी क्लब के प्रांतीय चेयरमैन एजाज अहमद स्वयं सहायता समूह की शिवदेवी, पूनम गुप्ता, रीना सोनकर, रानी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## चाइनीज मांझे पर प्रशासन का शिकंजा, बाजारों में छापेमारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और जनसुरक्षा को देखते हुए प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस-प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। सीओ रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह की मौजूदगी में राजस्व टीम और भारी पुलिस बल के साथ नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे शुरू हुए अभियान के दौरान मुख्य बाजार, गली-मोहल्लों और पतंग सामग्री की दुकानों पर औचक छापेमारी की गई। पुलिस और प्रशासनिक टीम के पहुंचते ही दुकानदारों में अफरातफरी मच गई। दुकानों में रखे पतंग और मांझे के स्टॉक की बारीकी से जांच की गई और दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि चाइनीज मांझा बिकते पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खुटार रोड, मोहम्मदी रोड और मिल रोड सहित अन्य इलाकों में भी दुकानों की जांच की गई। अभियान के दौरान किसी भी दुकान से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ, लेकिन पुलिस की सख्ती से बाजार में खलबली रही और कई दुकानदारों ने एहतियातन दुकानें बंद कर दीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मकर संक्रांति के दौरान चाइनीज मांझे से गला कटने और गंभीर चोट की घटनाओं के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी के तहत नगर में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सीओ रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि चाइनीज मांझा गैरकानूनी होने के साथ-साथ आमजन, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। जनसुरक्षा के दृष्टिगत ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर निगरानी रखने और सुरक्षित, मानक मांझे का ही प्रयोग कराने की अपील की।

अभियान में कोतवाल अम्बर सिंह, उपनिरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा ने तय की रणनीति




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने एसआईआर अभियान को लेकर मंडल अध्यक्षों से फार्म 06, 07 और 08 के माध्यम से नए मतदाता बनाने, संशोधन और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने की प्रगति की समीक्षा की। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि 2003 के बाद पहली बार एसआईआर हो रही है, जो मतदाता सूची के शुद्धिकरण का महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कार्यकताओं से अभियान में पूरी निष्ठा से जुटने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि अभियान के लिए सीमित समय शेष है, ऐसे में सभी कार्यकर्ता अन्य कार्य छोड़कर नए मतदाता बनाने के अभियान में जुटें। जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक ज्योतिर्मय बरतरिया ने कहा कि ड्राफ्ट मतदाता सूची और नए मतदाताओं के फार्म मनोयोग से भरवाए जाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामू पाण्डेय, जिला महामंत्री आशू मिश्रा, विनोद लोधी, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, संतोष कुमारी, जिला मंत्री उमेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीडीओ ने स्वास्थ्य मेले का किया उद्घाटन

**सिधौली (सीतापुर)**। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा फीता काटकर स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया गया। इस मेले में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग (पंचायती राज विभाग एवं आई.सी.डी.एस विभाग) स्वास्थ मेले में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया से श्रीमती सविता पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत सिधौली ब्लॉक में चलाई जा रही उम्मीद परियोजना एवं कार्यक्रम की प्रगति को साझा किया। जिसमें इतनी भी क्या जल्दी है अभियान, समूह बैठक, स्वास्थ्य मेला आदि के द्वारा जन-जागरूकता कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे इसके लिए इस स्वास्थ्य मेले की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा परिवार नियोजन अपनाने वाले लाभार्थियों को शॉल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उनसे अपेक्षा जताई गई कि वे और लोगों को भी प्रोत्साहित करेंगे साथ ही साथ गर्भवती महिला की गोदभराई एवं अन्नप्राशन करवाया गया। डॉ आनंद कुमार अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र सिधौली ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है। निश्चय ही इस प्रयास से ब्लॉक में कार्यक्रम के प्रगति में तेजी आएगी। सुजीत वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक ने स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता एवं कार्यक्रम के बारें में विस्तार से बताया। साथ ही किशोर स्वास्थ्य के अंतर्गत विद्यालयों में दी जा रही सेवाओं के बारें में भी चर्चा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जावेद एफपीएलएम आईएस मैनेजर, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से हेमेंद्र चौबे, सविता पांडेय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली के समस्त डॉक्टर, स्टॉफ नर्स, परामर्शदाता, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, एएनएम, संगिनी एवं आशा आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में महमूदाबाद में समाधान दिवस आज

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 17 जनवरी दिन शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

संक्षेप

## किसान दिवस का आयोजन 21 को

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार ने बताया कि उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन क्रम में जनपद के किसानों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिये माह जनवरी 2026 का किसान दिवस दिनांक 21 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा आजमगढ़ के सभागार में आयोजित किया जायेगा। किसान दिवस में कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग के किसानों/उद्यमियों की समस्या का मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

## गमछे के सहारे लटका मिला युवक का शव

जौनपुर। खेतासराय क्षेत्र में एक तथाकथित डॉक्टर का शव घर के सामने बाउंड्री गेट पर गमछे के सहारे लटका मिला। मृतक की पहचान 28 वर्षीय सुनील राजभर पुत्र सुरेश राजभर के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बताते है कि बरजी गांव निवासी सुनील एक डिस्पेंसरी चलाता था। गुरुवार रात वह किसी मरीज के परिजन का फोन आने पर डिस्पेंसरी जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने सोचा कि मरीज की हालत गंभीर होगी, इसलिए उसे आने में देर हो रही है। शुक्रवार सुबह जब परिवार के सदस्य जागे, तो उन्होंने सुनील का शव घर के सामने बने बाउंड्री गेट पर गमछे से लटका हुआ देखा। यह दृश्य देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर खेतासराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की

जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में प्रयागराज-जौनपुर रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई। यह घटना बरसठी थाना क्षेत्र के सरसरा-गोठाव गांव के पास हुई, जहां रेल पटरी पर शव मिला। बताते है कि ट्रेन नंबर 14202 रायबरेली जंक्शन-जौनपुर की चपेट में आने से व्यक्ति की कटकर मौत हुई। शव खंभा नंबर 171112 के पास पटरी पर पाया गया। मेमो ट्रेन के चालक की सतर्कता से इस घटना का पता चला। सूचना मिलने पर जीआरपी जंघई और बरसठी थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बरसठी थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हुई है, जिसमें उसका सिर धड़ से अलग हो गया था। उन्होंने पुष्टि की कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

जौनपुर।_पुलिस अधीक्षक, डा0 कौसतुभ द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार परेड की ली गयी सलामी, तत्पश्चात निरीक्षण किया। परेड के दौरान अनुशासन, एकरूपता एवं शारीरिक दक्षता का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। परेड के क्रम में समस्त प्रशिक्षु आरक्षियों की शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को परखने हेतु दौड़ करवाई गई तथा अनुशासन एवं समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से ड्रिल कराई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में सम्मिलित सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को साफ-सुथरी, स्वच्छ एवं नियमानुसार वर्दी धारण करने, साथ ही उचित टर्नआउट बनाए रखने के संबंध में निर्देश दिए गए। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के कार्यों, व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में उपस्थित कर्मचारियों का ओ.आर. किया गया, जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने, साथ ही पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

# डीपीआरओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



जिला संवाददाता(vol)

ड्रमडगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरिया के पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में डीपीआरओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। ग्राम चौपाल में डीपीआरओ संतोष कुमार श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव के साथ ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, शौचालय, हर घर नल जल योजना का पानी आपूर्ति, आवास वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि में गड़बड़ी होने की शिकायत की डीपीआरओ ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया ग्राम पंचायत में कराये गए कार्यों का निरीक्षण किया गया डीपीआरओ द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं कि जानकारी दिया गया। इस दौरान, ग्राम प्रधान गुलाब सिह पटेल, पूर्व प्रधान अरुण मिश्रा शिव गोविंद चौरसिया सचिव मनोज गौतम, ग्रामीण विजय नरायन चौबे, लालमनी, सुनीता, उर्मिला, पतिया आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## तीन सूत्री मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह को श्रवण आर्मी ने दिया पत्र



मीरजापुर। शुक्रवार 16 जनवरी को तीन सूत्री मांगों को लेकर सवर्ण आर्मी संगठन के जिला संयोजक सुशील पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में सवर्ण आर्मी टीम के साथ अपनी मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन देकर अपनी मांग को रखा। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुकेश पांडे ने कहा कि आज हम अपनी मांगों को लेकर आपसे मुलाकात कर रहे हैं, क्योंकि आप भी सवर्ण समाज से हैं और हमारी जो सामाजिक पीड़ा है उससे कहीं-कहीं आप भी प्रेरित हैं। हमारी इन मांगों को सदन में उठाने का काम करें जिससे हमारी सामाजिक लड़ाई संपन्न हो सके। संगठन ने मांगें दुहराते हुए आयोग का गठन हो, एससी एसटी काला कानून खत्म हो, आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू हो प्रमुख रही है। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला संयोजक सुशील पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, चंचल मिश्रा, महेश सिंह, सीमा सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, गुड्डू सिंह, छोटू, देवेंद्र तिवारी, आलोक दुबे, स्वतंत्र पाण्डेय, संजय पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, लक्ष्मण पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय इत्यादि मौजूद रहे हैं।

## अधिवक्ताओं के लिए निःशुल्क होना चाहिए टोल प्लाजा




जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित बारा/गोतौना टोल प्लाजा पर 14 जनवरी को लखनऊ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला के साथ टोल कर्मचारियों द्वारा की गई बर्बर मारपीट की घटना ने पूरे प्रदेश में आक्रोश पैदा कर दिया है।

इस घटना की निंदा करते हुए दीवानी न्यायालय जौनपुर के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता विकास तिवारी की अगुआई में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन को जिलाधिकारी, के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। अधिवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि यह घटना न केवल एक अधिवक्ता के साथ हिंसा है, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की गरिमा, स्वतंत्रता एवं सुरक्षा पर गहरा आघात है। जौनपुर के अधिवक्ता नियमित रूप से इस राजमार्ग का उपयोग लखनऊ उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायिक कार्यों के लिए करते हैं। हमारे जनपद मे भी टोल प्लाजा सरकोनी ,मछलीशहर ,पवारा पर अराजकता सोच तथा आपराधिक प्रवृत्ति वाले टोलकर्मी रहते हैं जो भय का वातावरण बनाये रखते हैं। ऐसी घटनाएं हमारी सुरक्षा को खतरे में डालती हैं और न्यायिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करती हैं। टोल प्लाजाएं सार्वजनिक सुविधा के लिए हैं, न कि गुंडागर्दी के अड्डे। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं ने मांग रखी हैं कि प्रकरण की उच्च स्तरीय सीबीआई स्तर की जांच कराई जाए तथा सभी दोषी टोल कर्मचारियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए जैसी धाराओं का प्रयोग भी हो। टोल प्लाजा प्रबंधक एवं संचालक कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, जिसमें लाइसेंस निलंबनध्रद्दीकरण शामिल हो।एनएचएआई को निर्देश दिए जाएं कि टोल कर्मचारियों की ट्रेनिंग एवं पृष्ठभूमि जांच अनिवार्य हो। प्रदेश के सभी टोल प्लाजाओं पर सीसीटीवी कैमरे, पुलिस चैकी एवं हेल्पलाइन स्थापित की जाए। अधिवक्ताओं के लिए विशेष पास या छूट की व्यवस्था किया जाय।पीड़ित अधिवक्ता रत्नेश शुक्ला को उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए एवं उनके छीने गए सामान की बरामदगी सुनिश्चित की जाए। आशीष शुक्ल, रोहित पाठक, रजनीश शुक्ल, शशांक शेखर तिवारी, भैयालाल यादव, सुरज सोनी, कुलदीप यादव, विशाल मिश्रा, अंकित यादव, रंजीत यादव, अनिल मिश्रा ,देवेश मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज, उठायें लाभ

आजमगढ़। संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) राज्यकर, आजमगढ़ सम्भाग, आजमगढ़ श्रीराम सरोज ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की प्रेरणा से शासन/राज्य कर विभाग (विभागाध्यक्ष) के निर्दिष्ट कार्यक्रमानुसार व्यापारी संवाद कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री व्यपारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख के प्राप्ति की जानकारी का लाभ उठाने, केन्द्र सरकार/उ0प्र0 (राज्य) सरकार (श्रम विभाग) से संचालित पेन्शन योजना (प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान-धन योजना) की जानकारी का लाभ उठाने, रिटर्नफाइलिंग से सम्बन्धित विधिक व्यवस्था को जानने, पंजीयन की विहित व्यवस्था व पंजीयन के लाभ के बारे में जानने जीएसटी-2.0 सुधार के लाभों के बारे में जानने, समाधान योजना व टीडीएस/टीसीएस से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु व अधिक से अधिक अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी विभाग में पंजीयन लेने के लिए प्रोत्साहित करने, खरीद बिक्री के सम्बन्ध में बिल लेने-देने को प्रोत्साहित करने, व्यापारियों की समस्याओं को जानने व उनका समाधान करने हेतु, व्यापारियों को सुझाव को लेने और उन्हें वाणिज्य कर मुख्यालय को पहुँचाने हेतु व्यापारी संवाद कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर एक साथ किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के निमित्त मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, विभागीय उच्चाधिकारियों, समस्त व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, सभी टैक्स बार के विद्वान अधिवक्तागण, अनेक प्रतिष्ठित व्यापारियों व अन्य अनेक माननीय/गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति में जनपद आजमगढ़ के अपंजीकृत एवं पंजीकृत व्यापारियों व युवा महिला/ पुरूष उद्यमियों के लिये 17 जनवरी 2026 को अपराहन 01:30 बजे से सांयकाल तक हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ के आडिटोरियम में व्यापारी संवाद कार्यक्रम के रूप में मेगासेमिनार का आयोजन किया गया है। जनपद आजमगढ़ के सभी सम्मानित, पंजीकृत व अपंजीकृत व्यापारियों, महिला एवं युवा उद्यमियों एवं मीडिया के बन्धुओं से अपील है कि भारी संख्या में उपस्थित होकर राज्य कर विभाग के उक्त कार्यक्रम को सफल बनायें।

## जनता की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता : डीएम



मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में पहुंचे एक-एक फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक व समयान्तर्गत निस्तारण के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता में है अतएव सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में 10 बजे से 12 बजे तक बैठकर जन समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुने तथा उसका निस्तारण करें।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय), बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आई०सी०डी०एस० विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों के रिक्त उपकेन्द्रों पर रोटेशनवाइज नियमित ए०एन०एम० की तैनाती की जाये, जिससे टीकाकरण का कवरेज बढ़ाया जा सकें। प्रत्येक स्वास्थ्य इकाई पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये तथा जो कर्मी साफ-सफाई के लिये नियुक्त किया गया है। उसके कार्यों में लापरवाही पायी जाती है तो चयनित एजेंसी को सूचित कर तत्काल हटाये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाये। विभिन्न कार्यक्रमों जैसे आयुष्मान कार्ड, एन०सी०डी० स्क्रिनिंग, टेली कंसलटेशन इत्यादि में न्यूनतम्-उपलब्धि वाले कम से कम 20 सी०एच०ओ० को प्रतिदिन जनपद मुख्यालय पर प्रातः 10.00 बजे बुलाकर उनको प्रशिक्षित किया जाये। लक्ष्य के सापेक्ष ए०एन०सी० पंजीकरण एवं प्रसव की समीक्षा आप्शा एवं ए०एन०एम० स्तर पर करते हुए स्थिति में सुधार लाया जाये। प्रत्येक माह हुए मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की आडिट कराते हुए लाईन लिस्ट एवं आडिट रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। माह फरवरी 2026 तक एन०सी०डी० स्क्रिनिंग सी०एच०ओ० के माध्यम से शत-प्रतिशत स्क्रिनिंग कराने के निर्देश दिये गये। समिति द्वारा डी०पी०ओ० आई०सी०डी०एस० को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर सैम बच्चों की सूची सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी से साझा करते हुए बच्चों का उचित चिकित्सकीय प्रबन्धन कराते हुए सी०एच०ओ० के माध्यम से ई-कवच पोर्टल पर उपलोड कराना सुनिश्चित करें। आर०बी०एस० के० के अन्तर्गत ब्लाक-बमनी, चोपन, घोरायल एवं म्योरपुर तथा सपोर्टिव सुपर विजन के अन्तर्गत ब्लाक-बभनी, चोपन, म्योरपुर एवं रावर्ट्सगंज में वाहन संचालित नहीं है सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर जेम पोर्टल के माध्यम से वाहन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## अंतर्विभागीय फाइलेरिया नियंत्रण बैठक संपन्न



सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रथम अर्न्तविभागीय फाइलेरिया नियंत्रण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद सोनभद्र मे फाइलेरिया नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत 02 ब्लॉकों ककराही, घोरावल में 10 फरवरी 2026 से 28 फरवरी,.2026 तक एम०डी०ए० आई०डी०ए० कार्यकम चलाया जाना है। आई०डी०ए० अभियान के दौरान घर-घर जाकर 01 वर्ष के ऊपर की समस्त आबादी को अल्बेन्डाजोल 02 वर्ष से ऊपर की आबादी को डी0ई0सी0 तथा 05 वर्ष से ऊपर की आबादी को आइवरमैक्टिन की टैबलेट आयुवर्ग एवं लम्बाई के अनुसार सप्ताह के 04 दिनों में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार, तथा प्रत्येक दिन लगभग 20 से 25 घरों में दवा खिलायी जायेगी। बीबीडी कन्सल्टेंट कुमार शुभम द्वारा पी०पी०टी० के माध्यम से आईडीए प्रोग्राम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबन्धित विभागों, अधीक्षकों को निर्देश दिये गये कि टाइम लाइन के अनुसार माइकोप्लान बनवा ले, आशाओं का प्रशिक्षण पूर्ण कर ले तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि टीम द्वारा अपने सामने दवा खिलायी जाये, दवा वितरण से बचे एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से दवा न खाने वाले लोगों को जागरूक करे व दवा खिलाये। खाद्य एवं रसद विभाग को निर्देशित किया गया कि राशन वितरण के दौरान फाइलेरिया का प्रचार-प्रसार के संबन्धित पोस्टर कोटे की दुकानों पर चिपकायें तथा लोगों को दवा खाने हेतु प्रेरित करें। जिला पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम प्रधान 10 फरवरी को स्वयं दवा खा कर कार्यक्रम का उद्घाटन करें, लोगों को दवा खाने हेतु प्रेरित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रहे। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि वे बच्चों को फाइलेरिया के विषय में बताये तथा उससे बचने हेतु दवा खाने के लिये प्रेरित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रमुख स्थानों पर बैनर, पोस्टर इत्यादि के माध्यम से लोगो को फाइलेरिया से बचने तथा दवा खाने हेतु प्रेरित करें। बैठक में समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी वी०बी०डी०, कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी समस्त अधिकारी/कर्मचारी/पी०सी०आई० के डी०सी० को आर्डिनेटर, जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र, जिलाकार्यकम अधिकारी आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा विभाग के डी०सी० तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन०एच०एम० की टीम उपस्थित रहीं।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन से 28 को मिली रोशनी



जौनपुर। लायन्स क्लब और आर. जे. शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी द्वारा तेरह जनवरी को आयोजित शिविर में मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए 28 रोगियों को चिन्हित कर वाराणसी भेजे गए थे।

जिनका चिकित्सीय टीम द्वारा उन मरीजों का आधुनिक तकनीक से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। उन्हें दवाइयां एवं चश्मे प्रदान किए गए एवं चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श देकर उन्हें डिस्चार्ज किया गया, और शुक्रवार को शिविर स्थल लक्ष्मी हेल्थ केयर सेंटर कुतुपुर तिराहा जौनपुर पर वाहन से छोड़ा गया, जहाँ पर लायन्स क्लब जौनपुर के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और सावधानियां बरतने की जरुरी सलाह दी, और उनके परिवार के लोग मरीजों को अपने घर ले गये। संयोजक डा संदीप मौर्य ने मरीजों को सलाह देते हुए बताया कि डॉक्टर के बताए अनुसार आई-ड्रॉप्स दवा का इस्तेमाल करें, धूप, धूल, धुंए से बचाव के लिए चश्मा पहनें और नियमित चेक-अप कराएं, ताकि संक्रमण और जटिलताओं से बचा जा सके और आँखें ठीक से ठीक हो सकें। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि इस स्थान पर अगला नेत्र जाँच मोतियाबिंद आपरेशन शिविर 10 फरवरी को लगेगा, इसलिए जरुरतमंद इस शिविर का लाभ अवश्य उठाये। डा चन्द्रकला मौर्य, सचिव योगेश साहू, कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह, गोपीचंद साहू, आदि उपस्थित रहे।

## दो वर्षों से हैंडपंप खराब, पानी के लिए विद्यालय से बाहर जाते हैं छात्र



करमा, सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बैडांड़ परिसर में लगे दो हैंडपंप बीते दो वर्षों से खराब होकर बंद पड़े हैं। इनमें से एक हैंडपंप तो स्थापना के मात्र दस दिन बाद ही खराब हो गया था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार मौखिक रूप से तथा एक बार लिखित शिकायत ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और विकासखंड अधिकारी कर्मा को देने के बावजूद अब तक न तो मरम्मत हो सकी और न ही संचालन शुरू कराया जा सका है। हैंडपंप बंद होने के कारण छात्रों को पेयजल के लिए करीब 200 मीटर दूर उच्च प्राथमिक विद्यालय बैडांड़ के परिसर तक जाना पड़ता है। इससे बच्चों को काफी असुविधा होती है। सबसे बड़ी परेशानी मध्याह्न भोजन पकाने और वितरण में सामने आ रही है, जहां पानी की उपलब्धता न होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। अभिभावक राजकुमार ने बताया कि बीते दो वर्षों में कई बार हैंडपंप की मरम्मत की मांग की गई। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। टोल फ्री नंबर पर भी कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई है। इस स्थिति से अभिभावकों में असंतोष है और छात्र लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

## सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए किसानों को बनवानी होगी फार्मर आईडी

आजमगढ़। जनपद में किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। उप कृषि निदेशक आजमगढ़ आशोष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ द्वारा खंड विकास अधिकारियों को जारी निर्देश के क्रम में जनपद स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक उत्तरदायित्व निर्धारित किए गए हैं। उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में पीएम किसान से सम्बन्धित अवशेष बचे लगभग 170000 (एक लाख सत्तर हजार) किसानों का विकास खंडवार डेटा संकलित कर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को उपलब्ध करा दिया गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि फार्मर रजिस्ट्री प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त पात्र किसानों की अनिवार्य रूप से तैयार की जानी है। निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए, पंचायत सचिव को क्लस्टर नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रत्येक विकास खंड स्तर पर सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को ब्लाक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। प्रत्येक खंड विकास अधिकारी को ब्लाक पर्यवेक्षक नामित करते हुए उन्हें कार्य की नियमित निगरानी एवं समीक्षा के साथ-साथ दैनिक प्रगति प्रेषित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद स्तरीय अधिकारियों को दो-दो विकास खंडों का आवंटन करते हुए पर्यवेक्षण/निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिससे कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें, ताकि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रहे। कार्य में शिथिलता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिवसीय स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण के लिए लगा शिविर

आजमगढ़। जिलाधिकारी के निदेशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शुक्रवार को सर्वोदय पब्लिक स्कूल, आजमगढ़ में दो दिवसीय स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय वाहनों से जुड़े चालकों एवं परिचालकों के स्वास्थ्य की जांच कर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है। इस शिविर में सर्वोदय पब्लिक स्कूल, जी०डी० ग्लोबल स्कूल, आजमगढ़ पब्लिक स्कूल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, जयपुरिया स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के कुल 146 चालक एवं परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री अतुल कुमार यादव ने मौके पर उपस्थित चालकों/परिचालकों को यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया।शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से डॉ० अजय राय, डॉ० नितीश सिंह, डॉ० के०के० पाण्डेय एवं श्रीमती संगीता राय उपस्थित रहीं।

## नीलगाय से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के जफराबाद बाईपास पर गुरुवार की देर शाम को नीलगाय से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गये।घायलों को उपचार के लिए लोगों ने निजी चिकित्सालय भिजवाया।उनके परिजन को सूचना दियां। क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार के निवासी किराना व्यवसायी अरविंद जायसवाल के 28 वर्षीय पुत्र नितिन जायसवाल बाइक से अपने बहनोई को रिसीव करने जफराबाद स्टेशन गए थे।स्टेशन से वे अपने बहनोई धीरज जायसवाल को बिठाकर वापस लौट रहे थे।बाईपास पर अचानक उनके बाइक के सामने नीलगाय आ गयी।बाइक जाकर नीलगाय से टकरा गयी।दोनो बाइक सहित गिर गए।नितिन जायसवाल को सिर, चेहरे तथा शरीर मे काफी चोट आयी।वही धीरज जायसवाल के शरीर मे अंदरूनी चोटें आयी।ज्ञात हो ऊक्त क्षेत्र में नीलगाय काफी अधिक संख्या में रहती है।इनसे खतरा बना रहता है।

## डीएम ने ईवीएम वीवी पैट गोदाम का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने भिस्कुरी स्थित ईवीएम, वीवी पैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम व लगाये गये सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तैनात सुरक्षा कमियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ईवीएम, वीवी पैट को सुरक्षित वातावरण में रखा जाये। निरीक्षण के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक त्रिपाठी, भाजपा से धर्मेन्द्र अग्रहरि, बसपा से सद्दाम राइन, सपा से अनीस खान, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से छोटे खान, आम आदमी पार्टी से मनबोध दूबे सहित सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान 21 से 30 जनवरी तक

लालगंज, मीरजापुर। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से शुक्रवार को विकासखंड सभागार में बीएलओ की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंशुल हिंदल ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र में लगभग 1500 ऐसे मतदाता चिह्नित किए गए हैं, जिनकी मैपिंग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि इन मतदाताओं के सत्यापन के लिए पांच गांव के समूह में किसी एक केंद्रीय गांव में विशेष कैंप आयोजित कर सर्वे कराया जाएगा। कैंप के माध्यम से संबंधित मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जिससे उनकी स्थिति स्पष्ट की जा सके।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 बिंदुओं में से किसी एक के अंतर्गत आने वाला वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन और अद्यतन की कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी चिह्नित मतदाताओं के फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से अपडेट किए जाएं। यह कार्य बीएलओ द्वारा मौके पर ही किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि फोटो अपडेट और दस्तावेज सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने जानकारी दी कि विशेष पुनरीक्षण अभियान 21 जनवरी से 30 जनवरी तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर तथा विशेष कैंपों के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से अभियान पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

